# सैनी समाज का प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



मनोहरपुर कस्बे में महात्मा फुले ब्रिगेड संस्था के तत्वाधान में शनिवार को सैनी समाज का प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

**मनोहरपुर।** कस्बे के श्रीशक्ति मैरिज गार्डन में महात्मा फुले ब्रिगेड संस्था के तत्वाधान में शनिवार को सैनी समाज का प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज की 251 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि महात्मा फुले ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामसिंह सैनी थे और अध्यक्षता पंचायत समिति की पूर्व प्रधान मंजू सैनी व मुख्य वक्ता गुड्डू सैनी रहे।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कांठोस ब्लॉक अध्यक्ष नाथूलाल सैनी, प्रदेश अध्यक्ष महात्मा फुले ब्रिगेड शंकर लाल सैनी, उप सरपंच सुनीता सैनी थे।समारोह का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्रीबाई फुले के छायाचित्र के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में समाज के प्रति भगवान 251लोगो को प्रतीक चिन्ह देकर ओर साफा पहनाकर ओर मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह में वर्ष 2023-24 में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले, अन्य उच्च संस्थानों में प्रवेश लेने और डिठाी करने, नए पदों पर नियुक्त होने वाली समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रामसिंह सैनी ने कहा कि ना केवल मनोहरपुर में वरन संपूर्ण देश में सैनी समाज को एकजुट होकर समाज उत्थान के कार्य करने चाहिए। उन्होंने कहा की वे समाज के विकास के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

शाहपुरा पंचायत समिति पूर्व प्रधान मंजू सैनी ने कहा कि सैनी समाज शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है ओर समाज की महिलाएं शिक्षा, खेल, राजनीतिक सहित विभिन्न क्षेत्र में आगे बढ़कर अपने देश व समाज का नाम रोशन कर रही है। समाज के लोगों को उन्हें बढ़ावा देना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता गुड्डू सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष नाथू लाल सैनी ने कहा कि कहा-अगर समाज को आगे बढ़ाना है तो हम सबको आज महात्मा ज्योति फुले के जीवनी से प्रेरणा लेनी है।

■ कार्यक्रम में समाज के प्रति भगवान 251लोगो को प्रतीक चिन्ह देकर ओर साफा पहनाकर ओर मोमेंटो देकर सम्मानित किया

उन्होंने समाज में शिक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष गोपाल सैनी, उपसरपंच सुनीता सैनी, गणपत सैनी, पप्पू सैनी, दीपक मालाकार, रामचंद्र सैनी, रोहिताश सैनी, श्री राम सैनी, छोटू सैनी, संतु सैनी, सुखराम सैनी, सुरजा राम सैनी, महावीर सैनी, बजरंग सैनी, हंसराज सैनी,कालू सैनी सहित समाज के प्रबुद्ध जन युवा महिला पुरुष मौजूद रहे।

प्रतिभावान सम्मान समारोह में समाज के लोगों ने सर्वसमिति से मनोहरपुर निवासी गोपाल सैनी को सैनी समाज का तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया है।

## आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर आयोजित

**अलवर।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से उपचार मेडिसन के सहयोग से रविवार को पुरुषार्थी धर्मशाला में नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा ओर एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन मुखय चिकित्सा ओर स्वास्थ्य अधिकारी डा. योगेन्द्र शर्मा ने द्वीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर मुखय चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डा. योगेन्द्र शर्मा ने कहा कि जरूरतमंद की सेवा में समाजिक संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। नेक कमाई फाउंडेशन महिलाओं के स्किल डवलपमेंट ओर उनके विकास की दिशा में बेहतर कार्य कर रहा है जिसका कन्यादान कार्यक्रम पूरे प्रदेश में अठाणी है। नेक कमाई फाउंडेशन अब चिकित्सा के क्षेत्र में कई अनुकरणीय कार्य कर रहा है। शिविर में 345 मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया गया और उन्हें दवाइयां दी गई। नेक कमाई के मुखय कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि शिविर में आयुर्वेद चिकित्सक डा. पवन शेखावत, डा.मुरारी लाल भारद्वाज, डा. बिशन चंद सैनी, डा. मुकेश प्रजापत, डा. अनिल जैन, डा. रेणु ठोवर और डा. रीटा ठोवर सहित एक्यूप्रेशर व चुंबक चिकित्सक डा. अशोक राजा जोशी व मनन जोशी सहित सीकर से आए आनंद योगी को सममानित किया गया। शिविर के संयोजक डा. बी. बी. गौतम थे। शिविर में संरक्षक मंजू चौधरी अठावाल ने स्वागत भाषण दिया और दौलत राम हजरती ने नेक कमाई के कार्यों की जानकारी दी।

## सार-समाचार

### पाटोत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**नारायणपुर।** कस्बे के खोड मोहल्ले स्थित माधवानंद आश्रम में रविवार को पाटोत्सव समारोह का भव्य आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ,समारोह की शुरुआत सुबह पुरुषोत्तमदास आश्रम से कलश यात्रा के साथ हुई,जो कस्बे के मुख्य बाजार से होकर गुजरी। इस दौरान श्रद्धालु भजनों के साथ यात्रा में शामिल हुए। इसके उपरांत मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। दोपहर12बजे से भंडारे का आयोजन किया गया,जहां श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ठाहण की। वहीं,साध्वी सुनीता बहन के सान्निध्य में फागोत्सव मनाया गया,जिसमें भक्तों ने रंग-गुलाल उड़ाकर और भजनों पर नृत्य कर आनंद लिया। इस अवसर पर साध्वी विदुषी सरस्वती, रोहिताश सैनी, हरीराम सैनी,मोनू प्रजापत,पुष्पेन्द्र प्रजापत,कालू जोशी, मोहन लाल, रामनिवास प्रजापत, जगदीश प्रजापत, रमेश सैनी, राकेश सैनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### पुलिस रिमांड पर चल रहे दो आरोपियों को जेल भेजा

**नारायणपुर।** नारायणपुर पुलिस ने रविवार को दो अलग-अलग मामलों में रिमांड पर चल रहे आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीजेपी नेता यासीन खान की हत्या के मामले में आरोपी दिलावर (48)पुत्र इस्माइल खान निवासी बेलाका अलवर को एक दिन की पुलिस रिमांड के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। वहीं, डकैती के एक अन्य मामले में आरोपी अंकित गुर्जर पुत्र भोमाराम गुर्जर, निवासी लूजोता, महेंद्रगढ (हरियाणा) को दो दिन की पुलिस रिमांड होने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अदालत ने उसे भी न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश दिए। नारायणपुर पुलिस ने दोनों मामलों में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### विधायक को ज्ञापन दिया

**टोंक।** निवाई शहर में लगातार बढ़ रही चोरियों को लेकर निवाई शहर के सर्व समाज में बढते आक्रोश के कारण व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने नायब तहसीलदार और विधायक रामसहाय वर्मा को सौंपा ज्ञापन। विधायक ने मामले में जल्द कार्यवाही करने के लिए पुलिस अधिकारियों को किया निर्देशित किया तथा इस दौरान व्यापारियों ने कार्यवाही न होने पर अनिश्चितकालीन बंद की दी चेतावनी। इस दौरान शहर कृषि उपज मंडी संरक्षक ताराचंद बोहरा, मनोज पाटनी, मोबाइल एसोसिएशन अध्यक्ष जितेंद्र जैन, परचुन व्यापार मंडल अध्यक्ष चेतन जैन चंवरिया, महावीर जैन सहित सैंकडों व्यापारी रहे मौजूद।

### तीन युवक गिरफ्तार

**नारायणपुर।** पुलिस ने अपराधियों की सोशल मीडिया गतिविधियों पर कड़ी नजर रखते हुए रविवार को बडी कार्रवाई की है। गैंगस्टर राहुल यादव उर्फ राहुल बॉक्सर को सोशल मीडिया पर फॉलो करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि पुलिस की साइबर सेल को सूचना मिली थी कि कुछ युवक गैंगस्टर की पोस्ट पर लाइक और कमेंट कर रहे हैं। जांच के बाद पुलिस ने तनुज (24)पुत्र मोहन लाल,कुलदीप (21)पुत्र रघुवीर और सचिन (18)पुत्र अमर सिंह को हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार गैंगस्टर सोशल मीडिया के जरिए युवाओं को प्रभावित कर रहे हैं। अपराधी फेसबुक,इंस्टाठााम और टेलीठााम पर सक्रिय रहते हैं और अपने समर्थकों से जुडे रहते हैं। पुलिस लगातार ऐसे अकाउंट्स पर नजर रख रही है और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

### पत्रकार संघ हुई बैठक

**बौंली-बामनवास।** इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्टस, पत्रकार संघ उपखंड बौंली की एक बैठक रविवार को दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे के पास स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। जिसमें बौंली एवं मित्रपुरा तहसील के संगठन के पत्रकार शामिल रहे। इस दौरान आईएफडब्ल्यूजे संगठन के संयोजक आशीष मित्तल व वरिष्ठ सदस्य चंद्र प्रकाश सिंहल व सभी सदस्यों की सहमति से संगठन के मुख्य संरक्षक श्रद्धा ओम त्रिवेदी ने नवीन कार्यकारिणी की सर्वसम्मति से घोषित की।नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर राजेश कुमार गुर्जर, उपाध्यक्ष पद पर बाबूलाल मीणा व राम सिंह गुर्जर, महामंत्री पद पर राकेश चौधरी एवं कोषाध्यक्ष पद पर दीपक गिरी को सर्वसम्मति से घोषित किया गया। कार्यकारिणी की बैठक में पूर्व अध्यक्ष कुंजीलाल मीणा, राजेश मीणा, पूर्व महामंत्री ओमप्रकाश राव, वरिष्ठ सदस्य महेश मित्तल, मोहित बिंदल व मुकेश गुर्जर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे

# जानलेवा हमला करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**मानपुरा माचेडी।** चंदवाजी थाना पुलिस ने जानलेवा हमला करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक व उप महानिरीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि जिले में गंभीर अपराधों की रोकथाम एवं धरपकड हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर अधिकाधिक कार्यवाही हेतु जिले के सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया था। अभियान की सफलता हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रजनीश पुनिया व वृताधिकारी जमवारामगढ़ प्रदीप कुमार के निर्देशन में थानाधिकारी हीरा लाल सैनी के नेतृत्व में थाना स्तरीय टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा ठााम कांट में परिवादी लालाराम पर जानलेवा हमले के मामलें में सूचना व तकनीकी साक्ष्यों की सहायता से घटना में शामिल 2 आरोपियों बाबुलाल व बंशीधर उर्फ पप्पु कीर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

गत 14 फ़रवरी को लालाराम कीर निवासी बोडासर, थाना चंदवाजी, जिला जयपुर ने बताया कि 13 फ़रवरी को दोपहर में अपने घर के पास बाड़े में बकरियों के चारे के लिए पेड़ की टहनियां काट रहा था, तभी मेरे बड़े भाई बाबूलाल व बाबूलाल के पुत्र पप्पू ने पेड़ के नीचे से मुझ पर पत्थर फेंके, जिसके बाद मैं पेड़ से नीचे उतर आया, जिसके बाद दोनों ने मेरे सिर पर डंडे से वार किया, मैं बेहोश हो गया, एंबुलेंस वालों ने मुझे उपचार के लिए निम्स में भर्ती कराया।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए।

बाबूलाल पुत्र कालूराम(54) जाति किर व बंशीधर उर्फ पप्पू पुत्र बाबूलाल(25)जाति किर,दोनों निवासी बोडासर तन कांट, थाना चंदवाजी जिला जयपुर ग्रामीण को गिरफ्तार कर पुलिस पूछताछ कर रही हैं।

## शिविर आयोजित

**कोटपुतली।** उपखंड अधिकारी कोटपुतली बृजेश कुमार ने बताया कि फॉर्मर रजिस्ट्री शिविरों के तहत तहसील कोटपूतली में 17 से 19 फरवरी को ग्राम पंचायत कल्याणपुरा कलां एवं 20 से 22 फरवरी को नारहेडा में, तहसील बानसूर में 17 से 19 फरवरी को ग्राम पंचायत माजरा अहीर, बहरोड़ तहसील में 17 से 19 फरवरी को ग्राम पंचायत गंडाला एवं 20 से 22 फरवरी को ग्राम पंचायत महाराजावास में शिविर का आयोजन होगा। इसी प्रकार पावटा तहसील में 17 से 19 फरवरी को ग्राम पंचायत बुचारा एवं 20 से 22 फरवरी को भूरीबडाज,नीमराना तहसील में 17 से 19 फरवरी को बिचपुरी एवं 20 से 22 फरवरी को ग्राम पंचायत फौलादपुर, नारायणपुर तहसील में 17 से 19 फरवरी को ग्रामपंचायत बामनवास और 20 से 22 फरवरी को ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया

**बौंली-बामनवास।** सवाई माधोपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत चौथ का बरवाड़ा थाना पुलिस ने विभिन्न मामलों में नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चौथ का बरवाडा थाना प्रभारी सुमन कुमार के नेतृत्व में एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत गठित टीम में शामिल सहायक उप निरीक्षक मोती सिंह, सहायक उप निरीक्षक तेजसिंह, हेड कांस्टेबल कलीसिंह, हेड कांस्टेबल सीताराम, कांस्टेबल घारासिंह, मुकेश, महेंद्र, मुकेश, बलराम, विनोद, श्यामवीर, जितेश, हेमराज, रामप्रसाद, अशोक, भंवरसिंह बुद्धि प्रकाश, आसाराम, व राहुल की टीम ने दोराने गस्त आरोपी शरीफ अहमद निवासी बीसलपुर जिला पीलीभीत उत्तर प्रदेश को तेज आवाज में डेक मशीन चलाने पर, लोकेश मीणा निवासी भगतपुर थाना सपोटरा जिला करौली को बिना लाइसेंस के चाकू रखने पर, शामकरण कंजर को निवासी चौथ का बरवाडा को 5 लीटर हथकडी शराब रखने पर, एवं विभिन्न मामलों में फरार वांछित चल रहे आरोपियों में श्यामलाल मीणा निवासी गिरधारीपुरा मिट्ठू लाल मीणा निवासी गिरधारीपुरा एवं राम सिंह राजपूत निवासी रायपुर को वारंटी में गिरफ्तार किया गया है। एवं शांति भंग में शहाबुद्दीन तेली निवासी चौथ का बरवाड़ा, जयराम गुर्जर निवासी बंजारी, रौनक गुर्जर निवासी लाखेरी, कल्याण केशव निवासी बुढ़ापाल थाना पीसीगंज बरेली उत्तर प्रदेश को, आशीष वाल्मीकि निवासी रूकड़ा कोला थाना मुजा जार जिला बंदायु उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है।

## सचिव-महासचिव नियुक्त

**अलवर।** जिला कांठोस कमेटी अलवर के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कांग्रेस संगठन में पदाधिकारियों को नियुक्त किया है। कांग्रेस प्रवक्ता रिपु दमन गुप्ता ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह, राजस्थान विधानसभा सभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की अनुशंसा पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने जिला संगठन को ओर अधिक सक्रिय एवं सुदृढ करने के लिए दूघेडा, बहरोड़ निवासी शीशराम यादव को जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव पद पर और लक्ष्मणगढ़ निवासी इकबाल खान को जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव पद पर नियुक्त किया है और दोनो पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वो कांठोस के रीति नीति एवं सिद्धांतों में पूर्ण आस्था रखते हुए जिला स्तर पर पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे।

# मंत्री शर्मा के जन्मदिन पर गांव कांकर में हुआ पौधारोपण

**किशनगढ़ बास।** अलवर शहर विधायक व वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा के जन्मदिन पर शुभ भाजपा उत्तर के जिला मंत्री रविन्द्र पटेल के नेतृत्व में ठााम काकंरा के ग्रामवासियों द्वारा पौधारोपण किया गया।

■ भाजपा नेता रविंद्र पटेल ने बताया कि मंत्री संजय शर्मा के जन्मदिन पर गांव कांकरा में लगाए पौधे

भाजपा युवा नेता रविंद्र पटेल ने बताया कि मंत्री संजय शर्मा के जन्मदिन पर गांव कांकरा में ग्रामवासियों द्वारा करीब 60 पौधे लगाए और पौधों की देखभाल के लिए शपथ ली। इस अवसर पर रविन्द्र पटेल ने कहा कि पेड हमारे जीवन का आधार हैं, ग्लोबल वार्मिंग के दौर में पेड़ों से ही हम प्राकृतिक आपदाओं से बच सकते हैं।

अलवर शहर विधायक और वन मंत्री संजय शर्मा प्रदेशभर में प्रतिदिन एक पौधा लगाकर समाज में वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम कर रहे हैं। हम सभी का फर्ज बनता है कि हम भी प्रकृति संरक्षण और जीव संरक्षण के लिए आगे आएं और इस जीवहितैषी कार्य में सहयोग करें। पौधारोपण के अवसर पर प्रधानाध्यापक हितेश सोनी भोरेलाल चेची, जग्गी खारी, साधूँ राम साँवरिया, भूप सिंह खटाणा, मस्तराम कसाना, कन्हैया गुर्जर फोरेस्टर ,फोरेस्टर मनीषा चौधरी,रिंकू खारी, सुखपाल पहलवान, नवल, नितिन,जगत और लीलाराम सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## 'समाज के विकास में हर व्यक्ति का हो योगदान'

**निवाई।** रैगर अनुसूचित जाति उत्थान सभा, अखिल भारतीय रैगर महासभा शहर एवं ग्रामीण शाखा के तत्वावधान में झिलाय रोड स्थित रैगर भूमि पर मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा एवं शहर अध्यक्ष बाबूलाल कंवरिया ने छात्रावास निर्माण का शिलान्यास किया। मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि समाज के विकास में भामाशाहों को योगदान अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि समाज के विकास के लिए प्रत्येक व्यक्ति का योगदान होना चाहिए। अध्यक्ष मास्टर मदनलाल वर्मा व रामगोपाल सेवलिया ने बताया कि छात्रावास भवन के निर्माण में समाज के भामाशाहों ने स्व प्रेरणा से लगभग 50 लाख रुपयों की घोषणा की। जिसमें 12 भामाशाहों ने कमरों की घोषणा की जिसकी लागत प्रति कमरा 2.50 हजार रूपए तय किया।

# भगवान पदमप्रभु का मोक्ष दिवस मनाया

**निवाई।** आर्यिका श्रुतमति, सुबोध मति माताजी एवं आर्यिका विशेष मति माताजी संघ के सानिध्य में श्रद्धालुओं द्वारा श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन नसिंया मंदिर सहित सभी दिगम्बर जैन जिनालयों में भगवान पदमप्रभु का मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना करके भगवान पदमप्रभु का गाजे बाजे से निर्वाण लाडू चढ़ाया।

जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला एवं राकेश संघी ने बताया कि जैन समाज के मंत्री महावीरप्रसाद पराणा एवं किराणा व्यापार संगठन अध्यक्ष चेतन चंवरिया ने भगवान पदमप्रभु के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान दिनेश चंवरिया, महावीरप्रसाद पराणा, चेतन चंवरिया, राधेश्याम मित्तल, धर्मचंद जैन, शंभु कठमाणा, मुकेश पहाड़ी, विक्रम पराणा, त्रिलोक रजवास, राजेश बनेठा व महेन्द्र जैन सहित कई

■ श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे से चढाया निर्वाण लाडू, की पूजा अर्चना

श्रद्धालुओं ने जैन धर्म के छठवें तीर्थंकर भगवान पदमप्रभु एवं मूलनायक भगवान शांतिनाथ जी की विशेष पूजा अर्चना कर जयधोष के साथ भगवान का निर्वाण लाडू चढ़ाया गया।

चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष सुनील भाणजा एवं हितेश छाबड़ा ने बताया कि नसिंया जैन मंदिर, बड़ा जैन मंदिर, बिचला जैन मंदिर शांतिनाथ जैन मंदिर, पाश्र्वनाथ जैन मंदिर शिवाजी कालोनी सहित सभी जैन मंदिरों में भगवान पदमप्रभु का अभिषेक कर देव शास्त्र और गुरु की पूजा अर्चना करके भगवान पदमप्रभु का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया।

# अलवर में साइबर अपराधियों की भरमार

**अलवर।** बिना मात्रा के इस शहर अलवर अपराधों में अठाणी हो चुका है यहां मेवात क्षेत्र के लगते लोगों को ठगने वाले साइबर अपराधियों का निवास है तो वही इस शहर में 99 घर खाने वाले सटोरिए लोगों को दोनों हाथों से लूटने के लिए मटका भी खोल रहे है ऐसा नही है कि रोजाना खुलने वाले इस महालक्ष्मी मटके की खबर अलवर पुलिस को नही है। पुलिस इस सट्टा किंग को पिछले पन्द्रह सालों से जानती है लेकिन आज तक इन बडे सटोरियों पर तो कोई कार्यवाही नही कर पाई सिर्फ गली-नुक्कड़ पर खाईवाली करने वाले छोटे सटोरियों को गिरफ्तार कर अपनी पीठ थपथपा रही है।

सूत्र बताते है कि अलवर के नयाबास मौहल्ले के रहने वाले सट्टा किंग महालक्ष्मी नामकं मटका पिछले पन्द्रह सालों से अलवर में रोजाना शाम चार बजे खोल रहा है इस सट्टा किंग ने अलवर के लाखों बेरोजगारों के अरबों रूपये इस मटके के माध्यम से हजम कर लिए है इस मटके की कमाई है जिससे यह सट्टा किंग मात्र पन्द्रह सालों में अरबों पति हो गया है जिस पर आज तक अलवर पुलिस की ऐसी मेहरबानी रही है कि उसे गिरफ्तार तक नही किया जा रहा वही आय से अधिक पैसा कमाने के मामले में ना ही ईडी ने इस पर कोई कार्यवाही की है।

शाम चार बजते ही मटका खुलने की खबर के लिए शहर के प्रमुख चौराहों पर लोगों की भीड़ रहती है कि कही उनका सट्टा तो नही खुला लेकिन वे जानकर भी अनजान बने हुए है वे जानते है कि सट्टा किंग मात्र एक नंबर निकालेगा जबकि 99 नम्बरों का पैसा डकार जाएगा फिर भी सट्टे के नशे में डूबे लोग जल्दी लखपति बनने के चक्कर में कंगाली की दौड़ में सबसे आगे चल रहे है।

शहर के प्रबुद्व जनों का कहना है कि अगर समय रहते पुलिस ने इस मटके को बंद नही किया तो अलवर के लाखों युवा कंगाली की कगार पर आकर खडे हो जाएंगे उन्होंने बताया कि इस सट्टा किंग के तार अलवर ही नही राजस्थान सहित दिल्ली हरियाणा से भी जुडे हुए है।

वहीं अलवर के भोले भाले लोगों को साइबर अपराधी भी रोज चूना लगा रहे है इन अपराधियों को पकडने के लिए तो पुलिस की साइबर सेल अच्छी तरह से काम करने में जुटी हुई है लेकिन फिर भी पुलिस लोगों को आगाह करती रहती है कि किसी भी अनजान व्यक्ति को फोन पर आई ओटीपी नही बताए और ना ही किसी के कहने पर अपने खाते का पासवर्ड बताएं क्योंकि पैसे लेने के लिए पासवर्ड की जरूरत नही पडती सिर्फ पैसे निकालने के लिए पासवर्ड की आवश्यकता होती है इसलिए सावधान रहे सर्तक रहे।

## पूर्व सैनिक विश्राम लीग कार्यक्रम

**अलवर।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कोटकासिम में आयोजित पूर्व सैनिक विश्राम लीग के कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान पूर्व सैनिक लीग के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उनका भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने सैनिकों के योगदान को सलाम करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा और प्रगति में सैनिकों की भूमिका अमूल्य है। देश की जनता अपने आपको सुरक्षित महसूस कर पाती है, तो इसका श्रेय हमारे बहादुर सैनिकों को जाता है। उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से पूर्व सैनिकों के लिए किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्षों पुरानी वन रैंक, वन पेंशन की मांग को पूरा कर सैनिकों को उनका हक दिलाया गया। भूपेंद्र यादव ने सुझाव दिया कि कोटकासिम स्थित सैनिक विश्रामगृह को सिर्फ सैनिकों के लिए ही नहीं, बल्कि अन्य गतिविधियों जैसे सिविल सर्विसेज और अन्य परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग क्लास चलाई जाएं, फिजिकल ट्रेनिंग के लिए भी इस्तेमाल किया जाए तथा पूर्व सैनिक युवाओं को मार्गदर्शन दें, ताकि उनका अनुभव राष्ट्र के भविष्य निर्माण में काम आ सके। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सैनिकों ने कोटकासिम में कैंटीन खोलने और सैनिक विश्रामगृह के सेकंड फ्लोर पर भवन निर्माण की मांग रखी। इन मांगों को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय मंत्री ने जल्द ही कैंटीन खोलने का आश्वासन दिया और भवन निर्माण के लिए बजट स्वीकृत करने की बात कही।

# जलदाय मंत्री ने पांच दिनों में 54 गांवों में की जनसुनवाई

**मालपुरा, टोंक।** जनप्रतिनिधि आपके द्वार के तहत जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी रविवार को उपखंड मालपुरा के दौरे पर रहे। जहां उन्होंने हाथगी, राजपुरा, कचौलिया, मोरला, आंटोली, कुराड़, बापुंदा, बरोल एवं गनवर गांवों का दौरा किया। उन्होंने विगत पांच दिनों में टोडारायसिंह-मालपुरा के 54 गांवों में जनसुनवाई कर ग्रामीणों की सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान उपखंड अधिकारी अमित चौधरी, विकास अधिकारी अभिमन्यु चौधरी, पंचायत समिति प्रधान सकराम चौपड़ा समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार किसान, महिला, युवा एवं वंचित वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर अपनी योजनाएं बना रही है। राजकीय अधिकारियों एवं कार्मिकों का यह दायित्व है कि वह इन योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शत प्रतिशत पहुंचाएं। कई पात्र व्यक्ति योजनाओं की जानकारी के अभाव में इनका लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं। इसलिए ग्राम स्तरीय कार्मिक घर-घर सर्वे कर पात्र व्यक्तियों को इन योजनाओं से जोड़े। चौधरी ने कहा कि ग्रामीण अपनी समस्याओं को फोन पर या व्हाट्सएप पर भेजकर भी उन्हें बता सकते हैं। उनकी समस्याओं का समाधान करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। ग्राम हाथकी, राजपुरा एवं कुराड़ में पेयजल संबंधी शिकायत पर जलदाय मंत्री ने जलदाय विभाग के अभियंताओं को 7 दिवस में समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपखंड मालपुरा के गांवों में शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 275 करोड़ की पेयजल परियोजना शीघ्र धरातल पर आएगी। उन्होंने नगर पालिका लांबाहरिसिंह से ग्राम पंचायत नगर तक 58 करोड़ रुपए की लागत से कराए जाने वाले सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य की सार्वजनिक निर्माण विभाग के अभियंताओं से जानकारी ली और इस गति प्रदान करने के निर्देश दिए। जलदाय मंत्री से ग्राम कुराड़ में जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने स्थाई पटवारी एवं विद्यालय में गणित विषय का अध्यापक लगवाने की गुहार लगाई। जलदाय मंत्री ने ग्राम कचौलिया में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण कर ग्रामीणों को विकास कार्यों की सौगात दी



जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी रविवार को उपखंड मालपुरा के दौरे पर रहे। जहां उन्होंने हाथगी, राजपुरा आदि जगहों पर लोगों की समस्याएं सुनी।

■ ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के दिए निर्देश